आनंदालय

सामयिक परीक्षा-2

कक्षा: नौवीं

विद्या सवर्थि साधिका

विषय : हिंदी ‘ब’(085) अधिकतम अंक : 80

दिनांक : 27-09-2023 निर्धारित समय : 3 घंटे

सामान्य निर्देश:

- इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड ‘अ’ और ‘ब’
- खंड ‘अ’ में उपप्रश्नों सहित कुल 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
- खंड ‘ब’ में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं , आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं |
- दिए गए निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
- दोनों खंडों में कुल 19 प्रश्न दिए गए है | दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए |

## खंड- ‘अ’ वस्तुपरक-प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (5X1=5)

सच्चे मित्र की तलाश हर व्यक्ति को रहती है। जब कोई व्यक्ति जीवन में कठिनाइयों से दो-चार होता है, तो उसे किसी ऐसे साथी की आवश्यकता महसूस होती है, जो उसके दुख और परेशानियों की गाथा सुने और उनके निराकरण में उसकी सहायता करे। परंतु सच्चा मित्र पाना अत्यंत कठिन है। हर जान-पहचान वाला व्यक्ति हमारा मित्र नहीं हो सकता और न ही मित्रता का दावा करने वाला व्यक्ति सच्चा मित्र होता है। मित्रता सदैव सोच-समझकर करनी चाहिए। मीठी बातें, चाटुकारिता, हँसमुख चेहरा आदि मित्र बनाने के लिए आवश्यक शर्तें नहीं हैं, वरन सच्ची बात कहने वाला, खरी बात कहने वाला, विपरीत परिस्थितियों में साहस बढ़ाने वाला ही सच्चा मित्र हो सकता है। आचार्य शुक्ल ने सच्चे मित्र को कड़वी दवा की भाँति बताया है, जो कुसंग के ज्वर को दूर कर देती है। हमारे जीवन का मार्ग कुमार्ग न बन जाए, सफलता असफलता न बन जाए और नेकनामी बदनामी न बन जाए, इसके लिए हमें बुरे मित्रों और उनकी संगति से दूर ही रहना चाहिए। वैसे भी कहा गया है कि मूर्ख मित्र से अच्छा बुद्धिमान दुश्मन। मूर्ख मित्र कभी भी आपको नुकसान पहुँचा सकता है, लेकिन बुद्धिमान दुश्मन आपका भला भले ही न करे लेकिन नुकसान नहीं पहुँचा सकता है।

(i) 'कुसंग के ज्वर' से तात्पर्य है-

(क) अच्छे लोगों की संगति (ख) बुरे लोगों की संगति

(ग) साधुओं की संगति (घ) महान लोगों की संगति

(ii) आचार्य शुक्ल ने सच्चे मित्र को बताया है-

(क) मीठी दवा की भाँति (ख) कड़वी दवा की भाँति

(ग) शहद की भाँति (घ) अमृत की भाँति

(iii) गद्यांश हमें संदेश देता है-

(क) हमें बुरे मित्रों के साथ रहना चाहिए। (ख) हमें बुरे मित्रों और कुसंगति से दूर रहना चाहिए।

(ग) हमें कुछ ही लोगों से दोस्ती करनी चाहिए। (घ) हमें अधिक लोगों से दोस्ती करनी चाहिए |

(iv) सच्ची बात कहने वाला, विपरीत परिस्थितियों में भी साहस बढ़ाने वाला होता है -

(क) कपटी मित्र (ख) सच्चा मित्र (ग) अवसरवादी मित्र (घ) संतोषी मित्र

(v) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई सही विकल्प

चुनकर लिखिए-

कथन (A): सच्चे मित्र की तलाश सबको होती है।

कारण (R): व्यक्ति अपने दुखों एवं परेशानियों में सहारा ढूँढता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं। तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (5X1=5)

जल और मानव-जीवन का संबंध अत्यंत घनिष्ठ है। विश्व की प्रमुख संस्कृतियों का जन्म बड़ी-बड़ी नदियों के किनारे ही हुआ है। मान्यता है कि हिमालय की पहाड़ियों से बहने वाली सिंधु नदी से हमारी सभ्यता की शुरुआत हुई। बचपन से ही हम जल की उपयोगिता, शीतलता और निर्मलता के कारण उसकी ओर आकर्षित होते रहे हैं। हम जलाशयों को देखते ही मचल उठते हैं, उसमें तैरने के लिए आज सर्वत्र सहस्रों व्यक्ति प्रतिदिन सागरों, नदियों और झीलों में तैरकर मनोविनोद करते हैं और साथ ही अपना शरीर भी स्वस्थ रखते हैं। स्वच्छ और शीतल जल में तैरना तन को स्फूर्ति ही नहीं, मन को शांति भी प्रदान करता है। तैराकी आनंद की वस्तु होने के साथ-साथ हमारी आवश्यकता भी है। प्राचीनकाल में आदमी को तैरकर ही नदियों को पार करना पड़ता था। किंतु तैरने के लिए आदिम मनुष्य को निश्चय ही प्रयत्न और परिश्रम करना पड़ा होगा, क्योंकि उसमें अन्य प्राणियों की भाँति तैरने की जन्मजात क्षमता नहीं है। जल में मछली आदि जलजीवों को स्वच्छंद विचरण करते देख मनुष्य ने उसी प्रकार तैरना सीखने का प्रयत्न किया और धीरे-धीरे उसने इस कार्य में इतनी निपुणता प्राप्त कर ली कि आज तैराकी एक कला के रूप में गिनी जाने लगी। हर साल सितंबर महीने के चौथे रविवार को भारत समेत विश्व के कई देशों में विश्व नदी दिवस मनाया जाता है। जो इस साल 24 सितंबर को मनाया गया।

(i) जल और मानव का संबंध कैसा है?

(क) परस्पर विरोधी (ख) परस्पर घनिष्ठ (ग) घोर दुश्मनी (घ) घोर घनिष्ठ

(ii) जल के किन गुणों के कारण मनुष्य आकर्षित होता है?

(क) रंग, उपलब्धता और शुद्धता (ख) गहराई, पवित्रता और उष्णता

(ग) उपयोगिता, शीतलता और निर्मलता (घ) ऊँचाई, सुलभता और उपयोगिता

(iii) तैराकी से लोगों को क्या लाभ मिलता है?

(क) शरीर स्वस्थ रहता है। (ख) मन को शांति मिलती है।

(ग) 'क' तथा 'ख' दोनों। (घ) लोग धन कमाते हैं।

(iv) आदिम मनुष्य को तैरने की प्रेरणा किससे मिली होगी?

(क) मछली को जल में देखकर (ख) जानवरों को तैरते देखकर

(ग) पक्षियों के नभ में विचरण करते देखकर (घ) मछली आदि जल-प्राणियों को जल में तैरते देख

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनिए |

कथन (A): तैरना एक अच्छा व्यायाम है।

कारण (R): स्वच्छ और शीतल जल में तैरना तन को स्फूर्ति और मन को शांति प्रदान करता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं। तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

3. निम्नलिखित 'शब्द और पद' पर आधारित दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2X1=2)

(i) शब्द पद कब बन जाता है ?

(क) जब कोई शब्द स्वतंत्र न रहकर वाक्य में प्रयोग हो ।

(ख) जब शब्द व्याकरण के नियमों अर्थात वचन, लिंग, कारक आदि नियमों में बँध जाए।

(ग) 'क' तथा 'ख' दोनों।

(घ) जब शब्द व्याकरण के नियमों में न बँधे ।

(ii) अग्नि , जल , वायु आदि इकाइयाँ क्या हैं -

(क) वर्ण-समूह (ख) शब्द (ग) पद (घ) वाक्य

4. निम्नलिखित 'अनुस्वार और अनुनासिक' पर आधारित तीन बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2X1=2)

(i) अनुचित स्थान पर लगे अनुस्वार वाले शब्द को छाँटिए-

(क) आनंद (ख) वसंत (ग) संचयन (घ) स्वंय

(ii) उचित स्थान पर लगे अनुनासिक वाले शब्द को चुनिए -

(क) हँसना (ख) मँहगा (ग) पँहुचना (घ) धुँआ

(iii) निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द मानक रूप में है -

(क) कञ्चना (ख) झण्डा (ग) तिरंगा (घ) पङ्ख

5. निम्नलिखित 'उपसर्ग और प्रत्यय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (4X1=4)

(i) 'प्रत्येक' शब्द में कौन-सा उपसर्ग लगा है?

(क) प्र (ख) पर (ग) अति (घ) प्रति

(ii) 'अनुमान' शब्द में कौन-सा उपसर्ग लगा है?

(क) अ (ख) अन् (ग) मान (घ) अनु

(iii) वह शब्द चुनकर लिखिए जो उपसर्ग की भिन्नता के कारण अन्य शब्दों से अलग है -

(क) बेदाग (ख) वेशकीमती (ग) बेक़सूर (घ) बेअदब

(iv) कौन-सा शब्द 'दार' प्रत्यय से नहीं बना है?

(क) समझदार (ख) शानदार (ग) उदार (घ) दुकानदार

(v) 'सांप्रदायिक' शब्द में कौन-सा प्रत्यय लगा है ?

(क) विक (ख) क (ग) इक (घ) ईक

6. निम्नलिखित 'संधि' पर आधारित चार बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (3X1=3)

(i) 'भूष्मा' शब्द की सही संधि है-

(क) भु + ऊष्मा (ख) भू + ऊष्मा (ग) भु + उष्मा (घ) भू + उष्मा

(ii) 'चरणामृत' का सही संधि विच्छेद चुनिए-

(क) चरणा + मृत (ख) चरण + आमृत (ग) चरण + अमृत (घ) चरण + उमृत

(iii) निम्न में कौन-सा दीर्घ संधि का उदाहरण नहीं है?

(क) सत्यार्थ (ख) नरेंद्र (ग) लघूत्तर (घ) कपीश

(iv) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-

| | संधि विच्छेद | संधि |
|---|---|---|
| 1 | विद्या + अर्थी | वृद्धि संधि |
| 2 | पर + उपकार | गुण संधि |
| 3 | पो + अन | अयादि संधि |
| 4 | परि + आवरण | यण संधि |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं -

(क) 2, 3 और 4 (ख) 1 और 3 (ग) 1 और 4 (घ) 1,2 और 4

7. निम्नलिखित 'विराम चिह्न' पर आधारित चार बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (3X1=3)

(i) वाक्यों में शब्दों को संक्षिप्त रूप में लिखने के लिए किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है ?

(क) पूर्ण विराम (ख) निर्देशक चिह्न (ग) प्रश्नवाचक चिह्न (घ) लाघव चिह्न

(ii) निम्न में से कौन-से वाक्य में सही विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है?

(क) अमेरीका को स्वतंत्रता कैसे मिली। (ख) अमेरीका को स्वतंत्रता कब मिली ?

(ग) अमेरिका को स्वतंत्रता कब मिली | (घ) "अमेरीका को स्वतंत्रता कैसे मिली |"

(iii) दिए गए ( ) विराम चिह्न का नाम है

(क) पूर्ण विराम (ख) अल्पविराम (ग) कोष्ठक चिह्न (घ) लाघव चिह्न

(iv) गांधी जी ने कहा, "करो या मरो" इस वाक्य में किस विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है |

(क) निर्देशक चिह्न (ख) उद्धरण चिह्न (ग) विवरण चिह्न (घ) योजक चिह्न

8.. 'अर्थ के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित तीन बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2X1=2)

(i) क्या तुम वापस जाना चाहोगी ? - अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद है-

(क) विधानवाचक (ख) प्रश्नवाचक

(ग) संदेहवाचक (घ) आज्ञावाचक

(ii) तुम यहाँ बैठो। इसका निषेधवाचक वाक्य होगा-

(क) तुम यहाँ बैठ सकते हो। (ख) तुम यहाँ मत बैठो।

(ग) क्या तुम यहाँ बैठोगे ? (घ) शायद तुम यहाँ बैठो।

(iii) तुम तरक्की करो। इसका इच्छावाचक वाक्य होगा-

(क) शायद तुम तरक्की करो । (ख) तुम तरक्की नहीं करो।

(ग) भगवान करे, तुम तरक्की करो । (घ) तुम तरक्की करोगे !

9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए - (5X1=5)

गाकर गीत विरह के तटिनी
वेगवती बहती जाती है
दिल हलका कर लेने को
उपलों से कुछ कहती जाती है
तट पर एक गुलाब सोचता
"देते स्वर यदि मुझे विधाता
अपने पतझर के सपनों का
मैं भी जग को गीत सुनाता।"

(i) नदी किसके विरह में व्याकुल है ?

(क) समुद्र के (ख) बारिश के (ग) उपलों के (घ) वृक्षों के

(ii) कौन अपनी व्यथा को व्यक्त कर दिल हलका करता है?

(क) नदी (ख) तालाब (ग) पक्षी (घ) चिड़िया

(iii) प्रस्तुत काव्यांश के आधार पर बताइए कि गुलाब कहाँ उगा हुआ था?

(क) वन पर (ख) तट पर (ग) बगीचे पर (घ) छत पर

(iv) प्रस्तुत कविता के आधार पर बताइए कि पतझड़ में मिले दुखों को कौन व्यक्त करना चाहता है ?

(क) गुलाब (ख) चमेली (ग) गेंदा (घ) सूरजमुखी

(v) उपर्युक्त काव्यांश से संबंधित कौन-सा कथन असत्य है?

(क) नदी कल-कल, छल-छल करते हुए तीव्र गति से बह रही है।

(ख) नदी के किनारे गुलाब का पौधा चुपचाप खड़ा है।

(ग) विधाता ने गुलाब को वेदना की अभिव्यक्ति के लिए स्वर नहीं दिया है।

(घ) गुलाब की पत्तियाँ और पंखुड़ियाँ अपने टूटने तथा बिखरने की वेदना को व्यक्त कर देती हैं।

10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए | (2X1=2)

(i) समुद्र की महानता की चर्चा क्यों नहीं की जाती ?

(क) क्योंकि उसके किनारे आकर भी लोग प्यासे रह जाते हैं।

(ख) क्योंकि उसके किनारे आकर लोगों की प्यास तृप्त हो जाती है।

(ग) क्योंकि उसके किनारे आकर लोग प्रसन्न हो जाते हैं।

(घ) क्योंकि उसके किनारे आकर लोग शांत हो जाते हैं।

(ii) कवि ने कैसे मनुष्य को पशुओं से भी गया गुज़रा बताया है?

(क) जो मनुष्य किसी पर प्रसन्न होकर भी उसे कुछ नहीं देते हैं |

(ख) जो मनुष्य किसी पर प्रसन्न होकर उसे कुछ न कुछ देते हैं।

(ग) जो मनुष्य दूसरे मनुष्यों पर अत्याचार करते हैं |

(घ) जो मनुष्य दूसरों के अत्याचार सहते हैं |

11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए- (5X1=5)

अपने खर्राटों से एक और रात गुंजायमान करने के बाद कल जो किरण तुम्हारे बिस्तर पर आएगी वह तुम्हारे यहाँ आगमन के बाद पाँचवें सूर्य की परिचित किरण होगी। आशा है, वह तुम्हें चूमेगी और तुम घर लौटने का सम्मानपूर्ण निर्णय ले लोगे। मेरी सहनशीलता की वह अंतिम सुबह होगी। उसके बाद मैं स्टैंड नहीं कर सकूँगा और लड़खड़ा जाऊँगा। मेरे अतिथि, मैं जानता हूँ कि अतिथि देवता होता है, पर आखिर मैं भी मनुष्य हूँ। मैं कोई तुम्हारी तरह देवता नहीं। एक देवता और एक मनुष्य अधिक देर साथ नहीं रहते। देवता दर्शन देकर लौट जाता है। तुम लौट जाओ अतिथि! इसी में तुम्हारा देवत्व सुरक्षित रहेगा। यह मनुष्य अपनी वाली पर उतरे, उसके पूर्व तुम लौट जाओ!

(i) गद्यांश के अनुसार अतिथि अब तक कितने दिन ठहर चुका है?

(क) दो दिन (ख) तीन दिन (ग) पाँच दिन (घ) चार दिन

(ii) भारतीय संस्कृति में अतिथि को क्या बताया गया है?

(क) देवता (ख) दानव (ग) महामानव (घ) मानव

(iii) गद्यांश के आधार पर देवता की विशेषता है कि वह -

(क) वह कभी दर्शन नहीं देता है । (ख) दर्शन देकर लौट जाता है।

(ग) वह स्वर्ग में रहता है। (घ) वह अमर होता है ।

(iv) अतिथि का देवत्व किसमें सुरक्षित माना गया है?

(क) दर्शन देने में (ख) दर्शन देकर लौट जाने में

(ग) दर्शन नहीं देने में (घ) कृपा करने में

(v) कथन (A): एक देवता और एक मनुष्य अधिक देर तक साथ नहीं रहते।

कारण (R): देवता स्वर्ग में रहते हैं और मनुष्य धरती पर।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं। तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

12 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए | (2X1=2)

(i) 'जिसके कारण धूलि भरे हीरे कहलाए' पंक्ति में कवि मैथिलीशरण ने किसको धूल भरे हीरे कहा है -

(क) जो ग्रामीण पृष्ठभूमि और गरीबी के जीवन से ऊपर उठकर देश के लिए महान कार्य करते हैं।

(ख) जो देश की उन्नति में सहायक होते है।

(ग) जो अच्छे कलाकार होते हैं।

(घ) जो महान होते हैं।

(ii) गोधूलि गाँव की संपत्ति क्यों है ?

(क) 'गाय' गाँव में पाली जाती है अत: उनके खुरों से धूल भी गाँव में ही होगी।

(ख) इस पर गाँव वालों का ही अधिकार है।

(ग) शहरियों को गोधूलि से घृणा है।

(घ) नगरनिवासियों को गोधूलि नहीं प्राप्त होती।

खंड - 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

13 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (2x3=6)

(i) "शोक करने, गम मनाने के लिए भी सहूलियत चाहिए और दुखी होने का भी एक अधिकार होता है।" इस पंक्ति से लेखक का क्या अभिप्राय है ?

(ii) 'धूल' पाठ का मूलभाव स्पष्ट करते हुए लिखिए कि लेखक वर्तमान युवा पीढ़ी से क्या अपेक्षा करते हैं ?

(iii) "देश को तुम पर गर्व है और अब तुम ऐसे संसार में वापस जाओगी, जो तुम्हारे अपने पीछे छोड़े हुए संसार से एकदम भिन्न होगा।" उपर्युक्त बातें कर्नल खुल्लर ने किसके बारे में और क्यों कही ?

14 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (2x3=6)

(i) रैदास ने अपने पद में परमात्मा को 'गरीब-निवाजु बताया है । कवि इसके माध्यम से क्या संदेश देना चाहते हैं ?

(ii) 'रहिमन फाटे दूध को, मथे न माखन होय' से रहीम ने लोगों को क्या समझाने का प्रयास किया है?

(iii) 'गीत-अगीत' कविता में कवि ने प्राकृतिक सौंदर्य के माध्यम से अभिव्यक्ति के दोनों रूपों का किस प्रकार से वर्णन किया है?

15 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (2x3=6)

(i) किन कारणों से लेखक ने चिट्ठियों को कुएँ से निकालने का निर्णय लिया ? यदि आप उनकी जगह होते तो क्या करते ?

(ii) "हम दोनों उछलते-कूदते, एक ही साँस में गाँव से चार फर्लांग दूर उस कुएँ के पास आ गए जिसमें एक अति भयंकर साँप पड़ा हुआ था।"
घर से मक्खनपुर जाने के दौरान लेखक के साथ क्या घटना घटी? 'स्मृति' पाठ के आधार पर लिखिए।

(iii) पशु-पक्षियों को पिंजरे में बंद करके रखना कहाँ तक उचित है? आपके विचार से मुक्त पशु-पक्षियों को ही पालतू बनाकर रखना अधिक उचित है या पिंजरे में बंद करके रखना ? 'गिल्लू' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

16 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (1x6=6)

(क) जहाँ चाह ,वहाँ राह

- इच्छा शक्ति से उत्साह और आत्मबल का उदय
- सच्ची लगन से कठिन कार्य संभव
- संकल्प शक्ति से बड़ी सफलताएँ
- उपसंहार

(ख) महँगाई : देश की एक विकट समस्या

- महँगाई निरंतर विकास की ओर
- गरीबों पर कुप्रभाव
- बच्चों की पढ़ाई पर प्रभाव
- उदाहरण

(ग) नैतिक मूल्यों के निर्माण में शिक्षक का महत्त्व

- शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका
- समाज और राष्ट्र के हितैषी
- शिक्षा का सही उद्देश्य
- नैतिक मूल्य में गिरावट/ निष्कर्ष

17 (क) आपके मामा जी शिमला में नौकरी करते हैं | पिछले कुछ दिनों से वहाँ अतिवृष्टि के कारण बाढ़ और भूस्खलन से जान-माल का काफ़ी नुक्सान हुआ है | अपने मामा जी का हाल-चाल जानने हेतु 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए | (1x6=6)

अथवा

(ख) आपके छोटे भाई/बहन का अपने मित्रों तथा गुरुजनों के प्रति व्यवहार दिन-प्रति-दिन अभद्र होता जा रहा है | उसे विनम्र वाणी और अनुशासन का महत्त्व समझाते हुए लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए |

18. (क) चंद्रयान-3 की सफलता पर दो आम नागरिकों के मध्य हुई बातचीत को लगभग 100 शब्दों में संवाद शैली में लिखिए | (1x5=5)

अथवा

(ख) छात्र तथा कक्षाध्यापक के बीच हुए वार्तालाप को लगभग 100 शब्दों में संवाद शैली में लिखिए |

19 दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर मन में उभरने वाले विचारों को लगभग 100 शब्दों में लिखिए | (1x5=5)

